मैट्रो प्लस

निष्पक्ष एवं निर्भीक खबरों का प्रतीक

RNI No.71419/99 + 91- 98111-65707 metroplus707@gmail.com, www.metroplus.org.in Postal Regn.No.-Faridabad/259/14-16

वर्ष-16 अंक-12 01-15 जनवरी, 2015 पृष्ठ-8 मूल्य-2 रुपए

सूरजकुंड मेले में इस बार का आकर्षण भारतवर्ष की पांचों ऋतुओं पर आधारित थीम होगीः सुमिता मिश्रा

सोनिया शर्मा

फरीदाबादः अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले में इस बार का आकर्षण भारतवर्ष की पांचों ऋतुओं पर आधारित थीम होगी। इसके तहत मेले की सजावट को ग्रीष्म, मानसून, शरद, शिशिर व बसंत के मौसम के अनुसार इन मौसमों की तरह अलग-अलग रंग रूप चित्रण करते हुए पांच भागों में बांटकर दर्शाया जाएगा। इस चित्रण के अंतर्गत फूल, पक्षी, तितलियां, सूर्य, चांद, छाते, मयूर नृत्य तथा हाथी दर्शन की अनुभूति को दर्शाया जाएगा। इसके लिए मेला परिसर को पांच जोनों में बांटा गया हैं। यह जानकारी मुख्यमंत्री की अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं हरियाणा पर्यटन निगम की महानिदेशक श्रीमति सुमिता मिश्रा ने यहां सूरजकुंड मेला परिसर का निरीक्षण करने और मेले की तैयारियों को लेकर अपने विभाग के अधिकारियों को निर्देश देने के बाद पत्रकारों से बातचीत में दी। इस अवसर पर उनके साथ इस मेले के लिए नियुक्त किए गए मेला प्रशासक एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा. आदित्य दहिया सहित मेले के नोडल अधिकारी राजेश जून, यूएस भारद्वाज, नवीन कौशिक, निरंजन रावत आदि पयर्टन विभाग के विभिन्न अधिकारी भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

श्रीमती मिश्रा ने कहा कि मेले के सहयोगी देशों की कुल संख्या लगभग 20 होगी, जिनमें पश्चिमी एशियाई देश ओमान, लेबनान, कुवैत, कतर व सीरिया पहली बार भाग लेंगे। यह मेला पर्यटन, संस्कृति तथा व्यापार का संगम होता है और इस बार इसमें तकनीकी को भी हाई टैक रूप में रखकर पहली बार शामिल किया जाएगा।

श्रीमति मिश्रा ने बताया कि इस मेले में टूरिज्म, ट्रेडर्स तथा ट्रेडिशन तीनों का समागम होगा। मेले में इस बार ऑनलाईन टिकट लेने का प्रावधान रखा गया है जिसके तहत मेले में आने वाले लोगों को टिकट का प्रिंट लाने की आवश्यकता नहीं रहेगी बल्कि ऑनलाईन टिकट लेने वाले के मोबाईल में बाकायदा एक एसएमएस आएगा जिसको दिखाकर वह मेले में प्रवेश कर सकता हैं। यहीं नहीं उन्होंने मैट्रो वालों से भी टाई-अप कर लिया है जिसके तहत मेला घूमने आने वाले लोग मैट्रो के विभिन्न 22 स्टेशनों पर ही टिकट खरीदकर मेले में आ सकते हैं। श्रीमति मिश्रा ने बताया कि मेला टिकट पर कॉलेज छात्रों को आईकार्ड दिखने पर 50 प्रतिशत छूट मिलेगी। उन्होंने बताया है कि मेले के दौरान मोबाईल एप भी लांच किया जाएगा जिससे मेले में आने वाले लोग मेले की पूरी जानकारी अपने मोबाईल पर जान सकेंगे। श्रीमति मिश्रा ने बताया कि इस बार मेले का समय पहले से बढ़ाकर प्रातः 10.30 बजे से शाम 8.30 कर दिया गया है ताकि लोग मेला घूमने के साथ-साथ मेला परिसर में शाम को होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा फूड कोर्ट का भी आनन्द ले सकें।

-शेष पेज-6 पर



राज्यपाल ने शिक्षाविद् सुरेश चन्द्र को किया सम्मानित

सोनिया शर्मा

फरीदाबादः शिक्षा जगत के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए हरियाणा के राज्यपाल महामहिम कप्तान सिंह सोलंकी ने सैक्टर-16ए स्थित ग्रेंड कोलम्बस इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन सुरेश चन्द्र को एचीवमेंट अवार्ड देकर सम्मानित किया है। इन दोनों को यह सम्मान राज्यपाल ने मेन्यूफेक्चरर्स एसोसिएशन फरीदाबाद (एमएएफ) द्वारा आयोजित एक समारोह में प्रदान किया। गौरतलब रहे कि शिक्षाविद् सुरेश चन्द्र एक जाने-माने समाजसेवी हैं तथा पिछले कई वर्षो से रोटरी क्लब से भी जुड़े हुए है तथा हरियाणा प्रोग्रेसेशिव स्कूल्ज कांफ्रेंस (एचपीएससी)के जिलाध्यक्ष भी हैं। यहीं नहीं सुरेश चन्द्र रोटरी क्लब में असिस्टेंट गवर्नर भी रह चुके हैं तथा रोटरी वर्ष 2015-16 में फिर से उनका असिस्टेंट गवर्नर तय है। शिक्षाविद् सुरेश चन्द्र विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्यों के लिए पहले भी कई बार सम्मानित हो चुके हैं।

सम्पादकीय

'पीके' फिल्म का विरोध, आखिर क्यों..

सुप्रसिद्ध फिल्मी नायक आमिर खान अभिनीत की 'पीके' फिल्म से पाखंडी और ढोंगी धर्म के ठेकेदारों की दुकानों की नींव हिल रही हैं। इस कारण ऐसे लोग पगला से गये हैं और उलजुलूल बयान जारी करके आमिर खान का विरोध करते हुए समाज में मुस्लिमों के प्रति नफरत पैदा कर रहे हैं।

इस दुश्चक्र में अनेक अनार्य और दलित-आदिवासी तथा पिछड़े वर्ग के लोग भी फंसते दिखाई दे रहे हैं। ऐसे सब लोगों के चिंतन के लिए बताना जरूरी है कि समाज में तरह-तरह की बातें, चर्चा और बहस सुनने को मिल रही हैं। उन्हीं सब बातों को आधार बनाकर कुछ सीधे सवाल और जवाब उन धूर्त, मक्कार और पाखंडी लोगों से जो फिल्म 'पीके' के बाद आमिर खान को मुस्लिम कहकर गाली दे रहे हैं और धर्म के नाम पर देश के शांत माहोल को खराब करने की फिर से कोशिश कर रहे हैं।

यदि फिल्मी परदे पर निभाई गयी भूमिका से ही किसी कलाकार की देश के प्रति निष्ठा, वफादारी या गद्दारी का आकलन किया जाना है तो यहाँ पर पूछा जाना जरूरी है कि-

आमिर खान ने जब अजय सिंह राठौड़ बनकर पाकिस्तानी आतंकवादी गुलफाम हसन को मारा था, क्या तब वह मुसलमान नहीं था।

आमिर खान ने जब फुन्सुक वाँगडू (रैंचो) बनकर पढ़ने और जीने का तरीका सिखाया था, क्या तब वह मुसलमान नहीं था।

आमिर खान ने जब भुवन बनकर ब्रिटिश सरकार से लड़कर अपने गाँव का लगान माफ कराया था, क्या तब वह मुसलमान नहीं था।

आमिर खान ने जब मंगल पाण्डेय बनकर अंग्रेजों के खिलाफ बगावत की थी, क्या तब वह मुसलमान नहीं था।

आमिर खान ने जब टीचर बनकर बच्चों की प्रतिभा कैसे निखारी जाए सिखाया था, क्या तब वह मुसलमान नहीं था।

आमिर खान द्वारा निर्मित टीवी सीरियल सत्यमेव जयते, जिसको देखकर देश में उल्लेखनीय जागरूकता आई, क्या उसे बनाते वक्त वह मुसलमान नहीं था।

इतना सब करने तक तो आमिर भारत का एक देशभक्त नागरिक, लोगों की आँखों का तारा और एक जिम्मेदार तथा वफादार भारतीय नागरिक था। लेकिन जैसे ही आमिर खान ने 'पीके' फिल्म के मार्फ़त धर्म के नाम पर कट्टरपंथी धर्मांध और विशेषकर हिन्दुओं के ढोंगी धर्म गुरुओं के पाखण्ड और अंधविश्वास को उजागर करने का सराहनीय और साहसिक काम किया है। आमिर खान जो एक देशभक्त और मंझा हुआ हिन्दी फिल्मों का कलाकार है, अचानक सिर्फ और सिर्फ मुसलमान हो गया? वाह क्या कसौटी है-हमारी?

क्या यह कहना सच नहीं कि आमिर खान का मुसलमान के नाम पर विरोध केवल वही घटिया लोग कर रहे हैं जो पांच हजार से अधिक वर्षों से अपने ही धर्म के लोगों के जीवन को नरक बनाकर उनको गुलामों की भांति जीवन बसर करने को विवश करते रहे हैं? यही धूर्त लोग हैं जो चाहते है-उनका धर्म का धंधा अनादी काल तक बिना रोक टोक के चलता रहे। जबकि इसके ठीक विपरीत ओएमजी में भगवान पर मुक़दमा ठोकने वाले परेश रावल को तो उसी अंध विचारधारा के पोषक लोगों की पार्टी द्वारा माननीय सांसद बना दिया गया है।

सच तो यह है कि इन ढोंगी और पाखंडियों को डर लगता है कि यदि आमिर खान का विरोध नहीं किया तो धर्म के नाम पर जारी उनका ढोंग और पाखंड, खंड-खंड हो जायेगा। उनके कथित धर्म का ढांचा भरभरा कर ढह जायेगा। ऐसे ढोंग और पाखंड से पोषित धर्म के नाम पर संचालित व्यवस्था को तो जितना जल्दी संभव हो विनाश हो ही जाना चाहिए। 'पीके' जैसे कथानक वाली कम से कम एक फिल्म हर महीने रिलीज होनी ही चाहिए।

-महेश गुप्ता

एसआरएस ग्रुप का अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ तैयार 'एसआरएस नेस्ट' नामक रिसोर्ट का शुभारंभ

गुड़गांव के फार्म हाउसों को भी सुविधाओं में पीछे छोड़ेगा 'एसआरएस नेस्ट'

फरीदाबाद के लोगों की शादी विवाह व अन्य समारोहों के लिए एक बेहतर स्थान की पुरानी मांग अब पूरी हो गई है। अब इस क्षेत्र के लोगों को अपने पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए शहर से बाहर जाने की जरुरत नहीं है। असल में एसआरएस ग्रुप ने अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ तैयार 'एसआरएस नेस्ट' नामक रिसोर्ट का शुभारंभ किया है।

राष्ट्रीय राजमार्ग न०-2 पर स्थित दिल्ली से मात्र 32 कि०मी० दूर यह तीन विशाल हॉलों वाला रिसोर्ट गांव पृथला के नजदीक पड़ता है। यहां पर बनाई गई एक हजार से अधिक गाडियों की वैला पार्किंग तथा सुंदर फव्वारों वाला आधुनिक पार्क इस स्थान को अन्य स्थानों से अलग कर रहे हैं। अपने आप में अद्वितीय इस 'बर्ड रिसोर्ट' का लोकापर्ण यहां आयकर अधिवक्ता डा० राकेश गुप्ता तथा डा० राजकुमार अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर दिल्ली, गुड़गांव, फरीदाबाद, नोएडा, पलवल, मथुरा-आगरा व जयपुर से बड़ी संख्या में आए अतिथियों का स्वागत एसआरएस ग्रुप के चेयरमैन डा० अनिल जिंदल और निदेशक जेके गर्ग ने किया। यहां एसआरएस ग्रुप की तरफ से प० प्रेम प्रकाश शास्त्री द्वारा धार्मिक अनुष्ठान भी किया गया।

एसआरएस ग्रुप के सीएमडी डा० अनिल जिंदल ने बताया कि इस इस रिसोर्ट को एक दर्जन के आसपास लगाए गए आधुनिक फव्वारों के साथ-साथ बेहतरीन रोशनी की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है ताकि यहां पर आने वालों को तो कोई परेशानी हो ही नहीं, साथ ही इस आयोजन का हर व्यक्ति पूरा लुफ्त उठा सके।

उन्होंने बताया कि यहां पर इस प्रकार की व्यवस्था की गई है कि वातावरण पूरी तरह से इको फ्रैंडली रहे, और लोगों को प्रकृति की गोद सा अनुभव हो। उन्होंने बताया कि यहां पर बनाए गए तीन बड़े हॉल किसी भी बड़े से बड़े आयोजन को सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचा सकते हैं।

इस प्रोजेक्ट की विस्तृत जानकारी देते हुए डा० अनिल जिंदल ने बताया कि इस यहां पर एक हॉल 'एसआरएस उत्सव' गार्डन के नाम से बनाया गया है। लगभग 20 हजार वर्ग फीट के क्षेत्र में बने इस हॉल को पूरी तरह से वाटरप्रुफ किया गया है तथा यहां पर नक्काशी व अन्य सजावट देखने-दिखाने लायक है। इन हॉलों में यहां की सजावट शादी-विवाह के कार्यक्रमों के आयोजकों द्वारा दी गई थीम के अनुसार तय कर दी जाएगी।

दूसरा 'एसआरएस सैफरान' बैंकेट हॉल 18 हजार वर्ग फीट के क्षेत्र में फैला है तथा यह हॉल फाईव स्टार की सुविधाएं अपने में समेटे हुए हैं। इसी प्रकार से तीसरा हाल 'एसआरएस संस्कृति' 40 हजार वर्ग फीट मे फैला ऐसा हॉल है जिसमें हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस हॉल में 20 हजार फीट एरिया को कवर किया गया है। श्री जिंदल के अनुसार यह अपने आप में एक अनोखा स्थान है जहां पर हर तरह के समारोहों का आयोजन किया जा सकता है।

गौरतलब रहे कि एसआरएस ग्रुप ने मनोरंजन खुदरा सामान की शाखाओं तथा रीयल इस्टेट क्षेत्र से आगे बढ़कर अब अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित 'एसआरएस नेस्ट' के नाम से उक्त रिसोर्ट तैयार किया है। राष्ट्रीय राजमार्ग न०-2 के किनारे पृथला में बने रिसोर्ट की सुविधाएं गुडग़ांव के बड़े फार्म हाउसों से भी ज्यादा है। एसआरएस ग्रुप के संचालकों ने दावा किया है कि एसआरएस नेस्ट में गुडग़ांव के बड़े फार्म हाउस से भी ज्यादा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

तालिबान को सबक

मासूमों का लहू बहाकर तूने ऐ तालिबान
दिया जख्म जिंदगी भर का तूने ऐ शैतान
ऐ इंसानियत के दुश्मन कुछ तो शर्म कर
छोड़कर वहशियत को तू अच्छे कर्म कर
दाग लगाया तूने संपूर्ण मानव जाति को
न बढ़ावा दे अब तो संभल ऐ पाकिस्तान
दिया जख्म जिंदगी भर का तूने ऐ शैतान

शांति का हो वातावरण चहुंओर ऐसा दो पैगाम
आपसी भाईचारा बढ़ाने के लिए करो तुम काम
अच्छे संबध हों पड़ोसियों से वो देंगे साथ तुम्हारा
सुधर जाओ है समय अभी, नहीं तो होगे बदनाम
सच की राह चलो और बन जाओ इंसान
दिया जख्म जिंदगी भर का तूने ऐ शैतान

किसी ओर के दर्द को जब अपना दर्द मानोगे
तब जीवन में क्या होती है पीड़ा तुम जानोगे
छोड़ नापाक इरादे जब ओरों की सुध लोगे
तब ही शायद सच्चे अर्थो में तुम इंसान बनोगे
अभी तो रूला रहे विश्व को गोलियों के निशान
दिया जख्म जिंदगी भर का तूने ऐ शैतान

बच्चे मन के सच्चे होते जो भगवान का रूप
घर से निकले पढ़ने न पहचाने छाव-धूप
बच्चे हैं तुम्हारे भी उनके विषय में सोचो तुम
राह देखती जिनकी मां-बहनें लिये हाथ में सूप
है ये भविष्य हमारा भी जाने इसे सभी जहान
दिया जख्म जिंदगी भर का तूने ऐ शैतान

मुश्किलों में भी हिम्मत से काम लेना हो तुम्हारा इरादा
कभी न करोगे धोखेबाजी करो ऐसा सभी को वादा
मधुकर सर्वजन हिताय का हो मकसद तुम्हारा
कुछ तो रखना सीखो तुम भी मानवता की मर्यादा
करो पचंशाील के नियमों का पालन तो होगा विश्व महान
दिया जख्म जिंदगी भर का तूने ऐ शैतान

-महेन्द्र शर्मा

Contact
for
Advertisement
in मैट्रो प्लस
9811165707

बहुआयामी प्रतिभा की धनी नन्ही बालिका रॉयलिका आहूजा राज्यपाल के हाथों सम्मानित

जस्प्रीत कौर

फरीदाबादः *'होनहार बिरवान के चिकने-चिकने पात'* बुजुर्गों की यह सदियों पुरानी कहावत रॉयलिका आहूजा पर एकदम फिट बैठती है।

मात्र छः साल की उम्र में 'ऐटम' बनकर ऐटम के बारे में जो आश्चर्यचकित जानकारी रॉयलिका आहूजा ने दी, वह वास्तव में काबिलेतारीफ थी। शायद यही कारण है कि इतनी छोटी सी उम्र की यह बालिका करनाल में आयोजित हुई राज्यस्तरीय फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर प्रदेश के राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी से सम्मानित हुई। जबकि बाल भवन में हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर तत्कालीन जिला उपायुक्त विजय सिंह दहिया के हाथों सम्मानित हुई। रॉयलिका के पिता मोहित आहूजा के मुताबिक उनकी बेटी के मन में शुरू से ही कुछ नया करने की चाह रही है ताकि वह अपने और देश का नाम रोशन कर सके।

सैक्टर 14 स्थित मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल में प्रथम कक्षा में पढ़ने वाली रॉयलिका जिस तरीके से इस छोटी सी उम्र में ही प्रदेश के राज्यपाल महामहिम कप्तान सिंह सोलंकी के हाथों से सम्मानित होकर अपने माता-पिता और जिले का नाम रोशन किया है हुई उसे देखते हुए लगता है कि वह आने वाले समय में ऊचांईयों को छुएगी।

स्वच्छ भारत अभियान के तहत बीके चौक पर 10 कूड़ादान लगाए: महापात्रा

सोनिया शर्मा

फरीदाबादः स्वच्छ भारत अभियान के तहत फरीदाबाद में 'स्माइल कैंपेन' आर्गेनाईजेशन की तरफ से बीके चौक पर 10 कूड़ादान लगाए गए। इसका उद्घाटन भाजपा के जिला अध्यक्ष अजय गौड़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर 'स्माइल कैंपेन' आर्गेनाईजेशन द्वारा पिछले कुछ समय में किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए अजय गौड़ ने स्वच्छ अभियान को जन-आंदोलन के रूप में आगे ले जाने के लिए सभी से अपील की।

इस अवसर पर मौजूद निगम पार्षद योगेश ढींगरा ने कहा की 'स्माइल कैंपेन' संस्था बहुत सराहनीय कार्य कर रही है और इसकी शुरुआत मेरे ही क्षेत्र से हुई है इसीलिए मैं संस्था और संस्था के कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देता हूं।

स्माइल कैंपेन के संयोजक सीए प्रदीप महापात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वछता अभियान के सपने को पूरा करने में एक कदम आगे बढ़ाते हुए कहा कि इस अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखे।

इस अभियान के सह-संयोजक विमल खंडेलवाल ने बताया की स्वच्छ भारत अभियान को पहले एनआईटी में चलाया जायेगा और धीरे-धीरे और भी जगह इस कार्यक्रम को चलाएंगे। उन्होंने लोगों से निवेदन किया कि अपने आसपास की जगह को स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है। उन्हें इस कार्य में बाबा केवलराम का भी सहयोग मिला। उन्होंने इस कार्य में जुटे सभी कार्यकर्ताओं को साधुवाद दिया।

इस अवसर पर मधुसूदन माटोलिया, प्रमोद चोटिया, कपिल मालपानी, गोपाल वशिष्ठ, नीरज वर्मा, भावना, विपिन, सोमिओ, नितीश, अनामिका, मोनिका, ऋतू, प्रियंका खंडेलवाल, कोमल आदि भी शामिल थे।

कला और संस्कृति से ही बहुमूल्य धरोहर को बचाने मे सफल हो पाएंगें: रीना मलिक

जो देश बिना कला और संस्कृति के होता है, वह उस अनाथ बच्चे की तरह होता है जिसके पास खाने व पहनने के लिए कुछ भी नहीं है। कोई भी आम इंसान चाहे वो किसी भी जाति-धर्म या समुदाय का है, वह किसी न किसी संस्कृति से जुड़ा होता हैं। भारत की अपनी एक सुदृढ़ संस्कृति है। भारत जैसे महान देश की कला व संस्कृति की धरोहर को कुछ शब्दों में ब्यान कर पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हैं। भारत कई प्रकार के धर्म, कला-सभ्यता व संस्कृति का जन्मदाता है। हमारे भारत का एक समृद्ध इतिहास है और हम आज भी अपने को देख व सुनकर गौरवशाली महसूस करते है। भारत वर्ष सारे संसार में अपनी विभिन्न प्रकार की कलाओं और संस्कृति के लिए जाना जाता है। भारत की कलाओं और संस्कृति को सीखने व संभालने के लिए लगन, कड़ी मेहनत, कला प्रेमी होना जरूरी है।

21 शताब्दी के इस मशीनी युग में हमारे युवा इस धरोहर से दूर हो रहे है। जोकि युवाओं में हीन-भावना और गलत व्यसनों की तरफ धकेल रही है। भारत वर्ष के सभी स्कूलों में कला और संस्कृति का एक पाठ्यक्रम पढ़ाया जाना आवश्यक हो गया है ताकि वो अपनी इस धरोहर को भविष्य में समाप्त होने से बचा सके।

कला और संस्कृति की पढ़ाई से बच्चों को न केवल हमारी सभ्यता का पता चलेगा अपितू उनका मानसिक व शारीरिक विकास भी होगा और वो अपने जीवन में कभी भी कही पर भी कला और संस्कृति पर होने वाले आयोजनों में अपने विचार भी खुल कर रख पाएगें।

भारत में नृत्य, गायन, अभिनय संगीत जैसी शिक्षाओं पर ध्यान देना आवश्यक है क्योंकि इन सब शिक्षाओं से बच्चों का मानसिक विकास व एकाग्रता बढ़ती है। कला व संस्कृति का ज्ञान होने से बच्चों को अपने देश की कला और संस्कृति की धरोहर को बचाने का न बनाए रखने का अहसास होगा, प्रेरणा मिलेगी।

कला व संस्कृति का ज्ञान होने से बच्चों की सृजनात्मक सोच बढ़ेगी जो उनको उनके व्यवसायिक व सामाजिक कर्त्तव्यों का बोध कराएगी व सकारात्मक सोच को बनाए रखेगी।

कला और संस्कृति को भूलते हुए समाज में यदि हमारे पाठ्यक्रम में इसका अध्ययन कराया जाए तो हम अपनी इस बहुमूल्य धरोहर को बचाने मे सफल हो पाएंगें और एक सकारात्मक, सृजनात्मक, कला और संस्कृति को संजोये रखने वाले भारतवर्ष की पुनः स्थापना कर पाएगें।

-रीना मलिक
डॉयरेक्टर
देवकी इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल स्ट्डीज
8130511071,
9213480878

समाचार - विचार - विज्ञापन
98111-65707

PIYUSH GROUP
The Essence Of Life
www.piyushgroup.com

We appreciate the immense support extended by all of you to be with us to achieve such a pinnacle. And we hope that we shall continue to serve you with the best of our sincerity this year.

Wish You A Happy New Year 2015!

Piyush Group

Corporate office : A-16 / B-1, Mohan Co-operative Industrial Estate, Main Mathura Road, New Delhi - 110044
Branch office : SCO-13, Basement, Sector-16, Faridabad, Haryana

रोटरी क्लब ने धूमधाम से मनाया नववर्ष का कार्यक्रम

नवीन गुप्ता

फरीदाबाद: रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन द्वारा अपने क्लब का नववर्ष का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। होटल एट्रियम में आयोजित इस रंगारंग कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्यों व उनके परिवार के सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर क्लब की सुनीता सिंह ने क्लब के सभी सदस्यों को तम्बोला और फॉरच्यून व्हील आदि गेम्स कराए जिसका सभी ने आनन्द लिया। इन गेम्स के विजेताओं को आकर्षक उपहार भी गिफ्ट स्वरूप दिए गए।

गीत-संगीत की इस महफिल में क्लब के सभी सदस्यों ने नाच-गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा आकर्षक फोटोग्राफी भी की गई। इस अवसर पर एनएच-1 स्थित मेडिचैक अस्पताल के चेयरमैन डा० सुमित वर्मा तथा उद्योगपति आनन्द जैन ने क्लब की सदस्यता ग्रहण की।

नववर्ष के इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब के प्रधान एसपी सिंह, सचिव सुभाष जैन, कोषाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, सुरेश चंद्र, विजय जिंदल, नवीन गुप्ता, डा० एसके गोयल, महेंद्र बब्बर, महेंद्र सर्राफ, हरीश मित्तल, सतीश गुप्ता, अरूण शर्मा, पीके गोयल, विनय बंसल, पवन अग्रवाल, अनिल गुप्ता, ज्योति तनेजा, एनएस यादव, संजय गोयल, विजय गांधी, अजय गुप्ता, योगेश अग्रवाल सहित नेन्सी बब्बर, रिचा गुप्ता, मीनाक्षी गुप्ता, ऊषा चंद्र, मंजू सर्राफ, मंजू बंसल, अनिता मित्तल, सरोज जैन, सरला यादव, वंदना गांधी, साधना गुप्ता, मोहिनी अग्रवाल, तरूणा अग्रवाल आदि विशेष तौर पर मौजूद थे।

प्रिंसीपल नवीन रोहिला को राज्यपाल ने किया सम्मानित

सोनिया शर्मा

फरीदाबाद: हरियाणा के राज्यपाल महामहिम कप्तान सिंह सोलंकी ने सेंट जोंस एंबुलेंस सर्विसेज एवं रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यों में उल्लेखनीय योगदान और भागेदारी करने के लिए सरकारी महिला पोलोटेक्निक की प्रिंसीपल मिसेज नवीन रोहिला को सम्मानित किया है।

हरियाणा के टेक्नीकल एजुकेशन विभाग के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि प्रदेश के राज्यपाल ने किसी प्रिंसीपल को अवार्ड देकर सम्मानित किया हो।

गौरतलब रहे कि सरकारी महिला पोलोटेक्निक की प्रिंसीपल मिसेज नवीन रोहिला अपने कालेज के समय से ही प्रतिभावान रही हैं तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्यों के लिए कई बार सम्मानित हो चुकी हैं।

CCTV CAMERAS
•CCTV,DVR
•IP Camera,
•Access Control System,
•Fire Detection System,
•video Door Phone
•Remote Surveillance

ADVANCED VISION TECHNOLOGIES
16/4, Main Mathura Road, Near D.P.S, Old Faridabad
Mob-: 9711184354,9350714354
E-mail- :info@advancedvision.co.in,avtsb@rediffmail.com
Website: www.advancedvision.co.in

रक्तदान महादान

Facilities Available :
- AC Rooms
- Lift Facilties
- Safe Deposit Facility
- Exclusive Bar
- Family Restaurant
- Conference Hall
- Internet Facilities
- 24 Hrs. Room Service
- Laundry Service
- Travel Desk
- Doctor on Call
- 24 Hrs. Power Backup
- Banquet Hall

Hotel Rajmandir
Bar & Restaurant
45, Neelam - Bata Road, NIT Faridabad
Ph: 91-12-4095700, 4023742, 4026742, 2430262
E_Mail: hotel_rajmandir@yahoo.co.in
www.hotelrajmandir.com

मानव सेवा समिति की हरसंभव मदद करेंगे: कृष्णपाल गुर्जर

नवीन गुप्ता

फरीदाबाद: केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि अटल जी के जन्मदिन पर जरूरतमंदों को कंबल बांटकर मानव सेवा समिति ने अटल जी को जो शुभकामनाएं दी हैं उसके लिए समिति के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। आज ही भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा की है जिससे पूरे भारत वर्ष में हर्ष का माहौल है। उन्होंने मानव सेवा समिति द्वारा जरूरतमंदों की सहायतार्थ किए जा रहे अनेक सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस समिति की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी ही कम है। वे समिति की हरसंभव मदद करेंगे और उसके कार्यालय व सेवा कार्यों के लिए सरकारी जमीन दिलाने के लिए पूरा प्रयास करेंगे। श्री गुर्जर ने यह विचार समिति द्वारा सेक्टर-29 के कम्युनिटी सेन्टर में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेकर प्रकट किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता तिगांव विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख भाजपा नेता राजेश नागर ने की।

इस अवसर पर राजेश नागर ने समिति के पदाधिकारियों से कहा कि वे तिगांव में सेवा प्रकल्प शुरू करें इसके लिए वे उनकी पूरी मदद करेंगे। प्रमुख समाजसेविका प्रेम गोरीसरिया, समाजसेवी सुनील अग्रवाल व सुदेश गुप्ता ने बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य संयोजक बी.आर. सिंगला ने किया।

कार्यक्रम में महासचिव कैलाश शर्मा ने समिति के उद्देश्य व कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि समिति ने इस बार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किए हैं। अब तक बल्लभगढ़, फरीदाबाद, बढ़खल, तिगांव व पलवल विधानसभा क्षेत्र में 1004 कंबल जरूरतमंदों में बांटे गए हैं। शीघ्र ही पृथला व एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में जरूरतमंदों को कंबल बांटे जाएंगे।

समिति के अध्यक्ष पवन गुप्ता, चेयरमैन अरुण बजाज, चेयरमैन प्रोजेक्ट गौतम चौधरी, उपाध्यक्ष एस.सी. गोयल, महिला सेल की चेयरमैन ऊषा किरण शर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र जग्गा अन्य पदाधिकारी राजेन्द्र गोयनका, तिलकराज शर्मा, संयोजक मंडल के सदस्य पी.डी. गर्ग, धर्मवीर गुप्ता, सुनीता बंसल, टी.पी. माहेश्वरी, एस.एस. बागला, जे.पी. सिंघल, नानक चन्द अग्रवाल, आई.सी. गुप्ता, वैश्य विकास मंच के अध्यक्ष डी.के. माहेश्वरी ने मुख्य अतिथि व अन्य सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह व शॉल पहनकार उनका स्वागत किया।

राज्यपाल ने समाजसेवी राजकुमार अग्रवाल को किया सम्मानित

मैट्रो संवाददाता

फरीदाबाद: ग्रीन एनर्जी कनवर्जन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए हरियाणा के राज्यपाल महामहिम कप्तान सिंह सोलंकी ने समाजसेवी राजकुमार अग्रवाल को एचीवमेंट अवार्ड देकर सम्मानित किया है। श्री अग्रवाल को यह सम्मान राज्यपाल ने मेन्यूफेक्चरर्स एसोसिएशन फरीदाबाद (एमएएफ) द्वारा आयोजित एक समारोह में प्रदान किया। गौरतलब रहे कि समाजसेवी राजकुमार अग्रवाल एक जाने-माने समाजसेवी हैं तथा पिछले कई वर्षो से रोटरी क्लब, भारत विकास परिषद् सहित कई सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से भी जुड़े हुए है। समाजसेवी राजकुमार अग्रवाल विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्यों के लिए पहले भी कई बार सम्मानित हो चुके हैं।

बनवारीलाल सावित्री बाई चैरिटेबल ट्रस्ट ने किए जरूरतमंद छात्रों को स्वेटर वितरित

जस्प्रीत कौर

फरीदाबाद: राजकीय हाई स्कूल सैक्टर- 7 के जरूरतमंद 510 छात्रों को बनवारी लाल सावित्री बाई चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वर्दी की स्वेटर बांटी गईं। ट्रस्ट के चैयरमेन एवं श्याम भक्त सन्नी ने बतौर मुख्य अतिथि समारोह में मौजूद छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों तुम राष्ट्र निर्माण के आधार हो तुम्हें देश व समाज के साथ साथ स्वंय आगे बढ़ना है। विशिष्ठ अतिथि नीतिन ने बताया कि उनका ट्रस्ट समाजिक गतिविधियों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहा है।

बनवारी लाल सावित्री बाई चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस समारोह का शुभारम्भ गायत्रीमंत्र उच्चरोण से किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी विमल खंडेलवाल ने बताया कि संस्था द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय सैक्टर- 7 में व्याप्त अन्य समस्याओं पर जल्द काम शुरू किया जाएगा। बच्चों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

इस अवसर पर रमेश अग्रवाल, धर्मबीर शर्मा, कमल शर्मा, अशोक जोशी, मधुसुदन माटोलिया, युवा कार्यकर्ताओं में रिंकू, एडवोकेट हिमांशु, अंशल, अंकित व अमित का इस आयोजन में विशेष योगदान रहा।

स्कूल प्रिंसीपल शशी शर्मा ने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल के विद्योतमा सिंह, मधुबाला, अनीता चौधरी, रेणु बालिया, आंनद सवरूप, विजेंद्र सैनी, मीनाक्षी, सुदामा शर्मा अध्यापक आदि उपस्थित थी।

समाचार - विचार - विज्ञापन
98111-65707

सूरजकुंड मेले में इस बार.........

-पेज 1 का शेष

श्रीमति मिश्रा ने बताया है कि मेला परिसर में बने हरियाणा के 'अपना घर' को भी इस बार उसके पारम्परिक रूप में नया स्वरूप देने की कोशिश की गई है। इसके तहत अपना घर में हरियाणा प्रदेश की जीवनशैली को दिखाया जाएगा तथा हरियाणा की उन प्रतिभाशाली महिलाओं/लड़कियों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी जिन्होंने प्रदेश का नाम रोशन किया है।

श्रीमति सुमिता मिश्रा का यह भी कहना था कि मेला परिसर को मोबाईल कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए इसे वाई-फाई जोन बनाने की कोशिश की जा रही है परंतु इसके लिए अभी तक किसी भी मोबाईल कंपनी ने हां नहीं की है। इसके अलावा श्रीमति मिश्रा का एक सवाल के जवाब में कहना था कि भविष्य में मेला परिसर के क्षेत्र को बढ़ाने की उनकी सोच है जिस पर बाद में काम किया जाएगा।

श्रीमति सुमिता मिश्रा ने बताया कि इस बार मेले में पूरे देश से विभिन्न प्रदेशों के 40 डांस ग्रुप हिस्सा लेगे जोकि दो अलग-अलग बैचों में 20-20 की संख्या में मेला परिसर में अपने प्रदेश की कला पर आधारित संस्कृति को लेकर अपनी प्रस्तुति देकर लोगों का मनोरंजन करेंगे।

इसके अलावा श्रीमति मिश्रा ने यह भी बताया कि सूरजकुण्ड अन्तर्राष्ट्रीय शिल्प मेले के दौरान मेला स्थल पर स्थित पौराणिक 'सूर्यकुण्ड', जिससे इस स्थल को अपना नाम मिला है, की गौरवशाली विरासत और खूबसूरत वास्तुकला से पर्यटकों को रूबरू करवाने के लिए भी विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। जिसके तहत पौराणिक सूर्यकुण्ड की भव्य विरासत को उजागर करने के लिए महानिदेशक, भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण से आग्रह किया गया है कि मेले के समय प्रातः 10:30 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक इस स्मारक को दर्शकों के लिए खुला रखा जाए और इस स्मारक के आसपास उपयुक्त वातावरण और प्रकाश व्यवस्था करके रोशनी की जाए।

उन्होंने कहा कि यह प्रयास स्वच्छ भारत अभियान के तहत इस स्मारक को स्वच्छ रखने और इसकी विरासत को लोकप्रिय बनाने में सहायक होगा।

उन्होंने कहा कि दर्शकों की सुविधा के लिए यह भी प्रयास किया जा रहा है कि सूरजकुण्ड मेला टिकट बूथों पर ही इस स्मारक के लिए भी टिकट की बिक्री की व्यवस्था की जाए।

उन्होंने कहा कि इस सूर्यकुण्ड का निर्माण तोमर वंश के एक शासक राजा सूरजपाल द्वारा 10वीं सदी में करवाया गया था। सूर्य देवता की आराधना के लिए निर्मित यह अनूठा स्मारक यूनानी रंगमंच से मेल खाता है। फिरोजशाह तुगलक (1351-88) के शासनकाल के दौरान इस जलाशय की सीढ़ियों एवं छतों का चूना गारे के साथ पुन:र्निर्माण कर इसका जीर्णोद्धार किया गया।

लघु उद्योग भारती के शिष्टमंडल ने डीसी का स्वागत किया

सोनिया शर्मा

फरीदाबाद: लघु उद्योग भारती फरीदाबाद के एक शिष्टमंडल ने डीसी ऑफिस जाकर अमित अग्रवाल का स्वागत किया व उद्योगों की समस्याओं के बारे में बातचीत की। शिष्टमंडल ने बताया कि लघु उद्योगों की सबसे बड़ी समस्या नॉन-कन्फरमिंग एरिया में लगे उद्योगों की हैं। वहीं सोलर एनर्जी व सोलीड वेस्ट मैनेजमेंट के ऊपर होने वाले सेमीनार में आमंत्रित किया। लघु उद्योग भारती फरीदाबाद के शिष्टमंडल में अध्यक्ष अरुण बजाज, महासचिव रवि भूषण खत्री, पवन गुप्ता, गौतम चौधरी, हरियाणा के कोषाध्यक्ष मनोज व राजकुमार अग्रवाल उपस्थित थे।

गरीब व होनहार बच्चों की मदद करना एक पुनीत कार्य है: रणबीर फौगाट

नर सेवा ही नारायण सेवा है: सतीश फौगाट

जस्प्रीत कौर

बल्लबगढ़: समयपुर-सोहना रोड़ स्थित फौगाट पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आज स्कूल के 100 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। ये स्वेटर वरिष्ठ इनेलो नेता रूपचन्द लाम्बा के सौजन्य से वितरित किए गए। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन रणबीर फौगाट ने कहा कि गरीब व होनहार बच्चों की मदद करना एक पुनीत कार्य है। फौगाट शिक्षण संस्था किसी भी ऐसे बच्चे को पढ़ाई से महरूम अर्थात वंचित नहीं होने देगी जो होनहार व प्रतिभावान तो है लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर है। समाज के प्रतिष्ठित उद्योगपति और दानी एवं उदार हद्य के व्यक्तियों से आर्थिक मदद लेकर संस्था इस पुनीत कार्य को अंजाम देती रहती है।

इस अवसर पर मान्या, नीतू, अंसारी, जावेद, तान्शु, काजल, किशन, कपिल, निदा, हंसिका, जयसिंह, सुमित, अंजलि, चेतन भारद्वाज, राखी, मनीषा, सविता, कंचन सैनी, पूजा, पायल, संजीव, शबनम, सत्यम, शम्भु आदि बच्चों को स्वेटर देकर लाभान्वित किया गया। इस मौके पर संस्था के चेयरमैन चौ० रणवीर सिंह ने रूपचन्द लाम्बा का इस उदार कृत्य के लिए धन्यवाद दिया और उनकी बरकत व तरक्की की भगवान से दुआ मांगी।

फौगाट स्कूल के निर्देशक सतीश फौगाट ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। जो व्यक्ति विशेष या संस्था विशेष ऐसे नेक कार्यो में सहयोग करती है या करवाती है वह बधाई के पात्र है।

इस मौके पर स्कूल की प्रधानचार्या निकेता सिंह, उप-प्रधानचार्या सुमन भल्ला, डीपीई दीपचन्द, खेल कोच सुनील बीसला, उषा, मंजू तिवारी, उमेश गुप्ता, कुणाल, नरेश, मुकेश सेन, शोभाराम, किरण शर्मा, संध्या चौधरी, माया, पूजा आदि मौजूद थे।

एडी स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ आत्मज्ञान का भी बोध कराया जाता है: आत्मस्वरूप

एडी स्कूल में सत्संग का आयोजन

सोनिया शर्मा

फरीदाबाद: एडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल डबुआ कालोनी में सत्संग व भण्डारे का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ संत निरंकारी मण्डल की ओर से आए फरीदाबाद मण्डल के प्रमुख महात्मा आत्मस्वरूप चौधरी द्वारा किया गया।

आत्मस्वरूप चौधरी ने बच्चों को बताया कि मैं गुरू नहीं हूं, मैं भी एक दास हूं, जो बाबा हरदेव की कृपा से आप लोगों के बीच में प्रभु के बीच का माध्यम बना हूं। उन्होंने बच्चों को आर्शीवाद देते हुए कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ आत्मज्ञान का भी बोध कराया जाता है। यह इन बच्चों के अभिभावकों के लिए एक अलग और महत्वपूर्ण संस्थान है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में उच्च स्थान लेकर अपने गुरूओं के साथ ही अभिभावकों का भी नाम रोशन करें। महात्मा ने स्कूल के चेयरमैन सुभाष श्योराण को अध्यात्मिक प्रवत्ति और उच्च विचारों का व्यक्ति बताते हुए बधाई दी तथा सुषमा सुभाष को जन्मदिन की मुबारकबाद दी।

इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन सुभाष श्योराण ने कहा कि स्कूल में पिछलें 23 सालों से भण्डारे का आयोजन किया जाता रहा है जोकि पहले सार्वजनिक रूप से किया जाता था, लेकिन पिछले 4 सालों से साधन संपन्न होने के कारण भण्डारे के साथ सत्संग का भी छात्रों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज के दिन स्कूल की चेयरपर्सन सुषमा सुभाष का जन्मदिन है जिसको वह इसी तरह मनाते है।

सत्संग में स्कूली छात्राओं ने अपने भजनों से सभी महात्माओं का मन मोह लिया। जिसमें 'नी एन अंखियां बीच मोहन बसा रखिए' और 'मेरे घर आए भगवान' के भजनों ने सभी को भक्तिमय कर दिया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री प० शिवचरण लाल शर्मा, एचपीएससी के प्रदेश अध्यक्ष एसएस गोसांई, एचपीएससी के प्रधान सुरेश चन्द्र, नरेन्द्र परमार, टीएस दलाल, एनएस यादव, भूपेन्द्र श्योराण, एचएस मलिक, उमंग मलिक, नंदराम पाहिल, केकेचांदना, नारायण डागर, टीआर शर्मा सहित स्कूल का पूरा स्टाफ मौजूद था।

भगवान इंद्र के अहंकार को तोड़ने के लिए उठाया था गोर्वधन पर्वत: प्रेम प्रकाश

संजय मेंदीरत्ता

बल्लभगढ़: सृष्टि में किसी के भी अभिमान को भगवान कभी सहन नहीं करते, फिर चाहे वह भगवान इंद्र का ही अभियान क्यों न हो। गोकुल वासियों की रक्षा के लिए गोर्वधन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा कर भगवान श्री कृष्ण ने यही संदेश दिया था और यह संदेश आज भी सार्थक है। उक्त भाव समझाते हुए बल्लभगढ़ के शिव मंदिर में चल रही श्री भागवत कथा में व्यास जी प्रेम प्रकाश शास्त्री ने गोर्वधन धारण की पूरी कथा का मार्मिक वर्णाण कर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया।

भागवत कथा में ब्रजकिशोर गुप्ता, हरकेश गुप्ता, योगेश शर्मा, रुपचंद गुप्ता, विनोद अग्रवाल, वीना गुप्ता, चेतना सहित सैकडों की संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। इस मौके छप्पन भोग तथा अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया गया। सबसे रोचक बिषय यह रहा कि भक्तों ने इस प्रसाद का निर्माण सामूहिक रुप से मिल कर किया।

इस कथा के व्यास जी प्रेम प्रकाश शास्त्री ने इस मौके पर कहा कि देश व प्रदेश में भक्ति सागर के अनिरुघ प्रवाह का कारक ही ऐसी कई संस्थाएं हैं जोकि लोगों में धर्मभाव को बनाए रखने का काम करतीं हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की संस्थाओं को गठन भगवान स्वयं कलयुग में धर्मनाम को यर्थाथ बनाए रखने के लिए करतीं हैं। इस मौके पर प्रेम प्रकाश शास्त्री ने कहा कि जिस प्रकार से भगवान श्री कृष्ण ने भी समूह के महत्व को स्वीकारा व बताया था तथा भगवान कृष्ण की जितनी भी लीलाएं मिलेंगी व समूह में ही होगीं उसी प्रकार से राधा रानी के श्रृंगार में हमेशा उनकी सहेलियों को जिक्र आता है।

कथा के दौरान व्यास जी ने गार्वधन की सात कोस की परिक्रमा से लेकर दूध व अन्नकूट के महत्व के बारे में भी विस्तार से जहां भक्तों को ज्ञान दिया वहीं उनके गाए गए भजनों पर भक्त जन जमकर थिरके तथा भगवान के भक्ति सागर में जमकर स्नान किया।

रोटरी क्लब अरावली ने लगाए साईकिलों पर रिफ्लेक्टर टेप

सोनिया शर्मा

फरीदाबाद: सर्दियों के मौसम में धुंध के चलते साइकिल सवार अक्सर दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते हैं, लेकिन फरीदाबाद के पुलिस आयुक्त के सहयोग से एक नई पहल शुरू हुई है जिसमें इस तरह के सड़क हादसों से बचा जा सकता है।

रोड सेफ्टी आर्गेनाइजेशन फरीदाबाद एवं रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद अरावली के सौजन्य से फरीदाबाद में लगभग 15000 से भी ज्यादा साईकिलों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए जा चुके हैं। 'सेव साइकलिस्ट्स अभियान' के अंतर्गत सैक्टर-25 स्थित साधू फोर्जिंग में लगभग 2500 साईकिलों पर रिफलैक्टर लगाए गए।

रोड सेफ्टी आर्गेनाइजेशन फरीदाबाद के फाउंडर मेंबर डा. कुलदीप जयसिंह ने बताया कि सेव साइकलिस्ट्स अभियान एक बहुत बडी मुहिम बनकर उभरेगी जिससे जाने अन्जाने लाखों साइकिल सवार लाभार्थ होंगे।

डा. सौरभ शर्मा फाउंडर सदस्य रोड सेफ्टी ऑर्गेनाईजेशन ने कहा कि हम संस्था की तरफ से शहर की

कार्यालय
मैट्रो प्लस

Corp.Office
Mr. Naveen Gupta, 5D/96A, NIT Faridabad
TeleFax : (0129)-4040707, 98111-65707
E_mail:- metroplus707@gmail.com
metroplus7070@gmail.com

Faridabad Office
Mr. Mahesh Gupta, 4-5, SCO - 41,
Near Axis Bank Ltd,
Sector-7 Market, Faridabad
metroplus707070@gmail.com
M.: +91-9891137700

Delhi Office
Ms. Priya, B Block, Gulmohar Park,
Journalist Colony, New Delhi.
M.: +91-9136141517

Chandigarh Office
Mr. Naveen Gupta / Mr. Ashok Sharma
SCO-90-92, 1st Floor, Sector-8C, Madhya Marg, Chandigarh (UT) M.:+91-98111-65707,
naveengupta707@gmail.com



स्वामित्वकारी, प्रकाशक व मुद्रक रिचा गुप्ता द्वारा ज्योति प्रिंटर्स, प्लाट न०-ई-94, सैक्टर-6, नोएडा, गौतमबुध नगर, यूपी से मुद्रित एवं कार्यालय 5डी/96 ए, मैन मार्किट, एनआईटी फरीदाबाद से प्रकाशित।
संपादकः महेश गुप्ता। (सभी कानूनी विवादों का क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा।)